an>

Title: Need to release outstanding funds to Bihar under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana.

श्री महेश्वर हज़ारी (समस्तीपुर): महोदय, मैं इस सीट से बोलने की अनुमति चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि हमारे बिहार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की यह स्थिति है कि भारत सरकार जिसे स्वीकृत कर चुकी है, जिसका टेंडर हो चुका है, जो कार्य वर्ष 2006 से प्रारंभ है, अब वर्ष 2011 चल रहा है, लेकिन अभी तक वहां कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। भारत सरकार, बिहार सरकार के साथ सौतेलेपन का व्यवहार करती है। भारत सरकार यहां से वहां पैसा नहीं भेजती है, जिसके कारण सारी की सारी रोड़ नहीं बनी है और अधूरी पड़ी हुयी हैं। जैसे मैं एक रोड का उदाहरण देना चाहता हूं कि हमारे समस्तीपुर जिले के, हमारे लोकसभा क्षेत्र का खानपुर प्रखंड है, उसमें एक रोड है जो वर्ष 2006 से हाथ लगी, उसका कार्य वर्ष 2006 से प्रारंभ हुआ और अभी तक वह कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, दो किलोमीटर वैसा का वैसा ही अधूरा पड़ा हुआ है। जो पुलिया थी, पुल था, वह नहीं बना। किस कारण से यह पुल और पुलिया, रोड अभी तक नहीं बने?

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि बिहार सरकार को शीघ्र प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का जो पैसा है, उसे अविलंब भेजे। जो कार्य अधूरा है, उस कार्य को शीघ्र पूरा कराये। जो टेंडर हो चुका है, जिसका एई नहीं हुआ है, उसका एई शीघ्र कराकर उसका कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। जिस तरह से वर्ष 2006 में जिस संवेदक को टेंडर हुआ, उसका फिर दुबारा री-एस्टीमेट हुआ, री-एस्टीमेट के लिए पैसा बढ़ाने के लिए भारत सरकार के पास आया हुआ है। वह ग्रामीण विकास विभाग में पड़ा हुआ है, लगता है कि वह कार्यालय में पड़ा हुआ दीमक खा रहा है, अभी तक वह वहां नहीं गया है। जो एम.पी. वहां शिलान्यास कर चुका है, उस माननीय सदस्य को अपने क्षेत्र में गाली सुननी पड़ती है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जिस भी कार्य में विलंब है, जो कार्य अभी तक नहीं हुआ है और जो पैसा एस्टीमेट में अधिक बढ़ा है, उसे शीघ्र किया जाये। इन्हीं चंद शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। जय हिन्द।